उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी
कार्यालय, निदेशक, अकादमिक

पत्राक:- UOU/Academic/11/2106/01 **दिनांक:-25/09/2020**

सूचना

समस्त निदेशक,
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय।

माननीय कुलपति महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न विश्वविद्यालय के सभी निदेशकों की बैठक में दिनांक 14/09/2020 में लिए गए निर्णय एवं तत्क्रम में प्राप्त निर्देश के क्रम में निम्नवत प्रस्ताव अनुमोदित किये गये है:-

अनुमोदित प्रस्ताव संख्या 1: जिन विषयों में हिंदी तथा अंग्रेजी दोनों भाषाओं में अध्ययन सामग्री की माँग सामान्यत: की जाती है उन विषयों में दूसरी भाषा (यदि सामग्री हिंदी में है तो अंग्रेजी और यदि पाठ्य सामग्री अंग्रेजी में है तो हिंदी) में यूनिट-वाइज PPT आधरित व्याख्यानों को बनवा लिया जाए जिससे कि दूसरी भाषा माध्यम के विद्यार्थियों की आवश्यकता की पूर्ति हो सके |

इस हेतु बाह्य अध्यापक के द्वारा एक यूनिट के PPT आधारित लेक्चर के लिए रुपया 2000/- प्रति लेक्चर की दर से मानदेय दिया जायेगा | इस प्रकार 31 दिसम्बर 2020 तक यह प्रयास किया जायेगा कि सभी ऐसे विषयों में PPT आधारित व्याख्यानों के माध्यम से समस्त पाठ्यक्रम के व्याख्यान पूर्ण हो सकें |

इस प्रक्रिया में आंतरिक शिक्षकों के द्वारा न्यूनतम 25 व्याख्यान स्वयं ही दिए जायेंगे |

अनुमोदित प्रस्ताव संख्या 2: सत्रीय कार्य (Assignments) की प्रक्रिया ऑनलाइन हो जाने के कारण सभी विषय समन्वयकों से अपेक्षा की गई है कि वह अपने विषयों में तथ्यपरक प्रश्नों का एक प्रश्न बैंक (Question Bank) जैसा बना लें, जो परीक्षा नियंत्रक को 31जनवरी 2021 तक उपलब्ध करा दिया जाय | इस हेतु बैठक में प्राप्त निर्देश के अनुसार बाह्य प्राश्निकों से तथ्यपरक प्रश्न बनवाये जाने की दशा में यदि प्रश्न पत्र एक ही भाषा माध्यम में है तो रुपया 40/- प्रति तथ्यपरक प्रश्न तथा यदि तथ्यपरक प्रश्न पत्र दो भाषा में है तो रुपया 50/- प्रति प्रश्न की दर से मानदेय देय होगा | इस प्रक्रिया में आंतरिक अध्यापकों के द्वारा किये जाने वाले कार्य के निर्धारण में सम्बन्धित निदेशक के द्वारा निर्णय लिया जायेगा |

उक्तानुसार अपने निर्देशन में कार्यरत विद्याशाखाओं के सभी पाठ्यक्रम समन्वयकों को निर्देशित करने की कृपा करें |

भवदीय,

25/9/2020

निदेशक अकादमिक